दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 10 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 14

महत्वपूर्ण एवं खास

चारा काटने जाते समय राप्ती नदी में नाव पलटी, दो की मौत

गोरखपुर (आरएनएस)। उफनाई राप्ती नदी में रविवार की सुबह एक नाव पलट गई। नाव पर कुल सात लोग सवार से जिनमें से दो की मौत हो गई। घटना बड़हलगंज इलाके के नेतवार पट्टी की बताई जा रही है। गांववालों के मुताबिक ये लोग चारा काटने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान नदी में नाव का संतुलन बिगड़ गया और नाव पलट गई। नाव पर सवार सातों लोग नदी में गिरकर डूबने लगे। उन्हें डूबता देख आसपास मौजूद गांव के तैराक युवकों ने नदी में छलांग लगा दी। तैराकों ने नदी में डूब रहे पांच लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। जबकि 30 वर्षीय बलिराम सिंह और 24 वर्षीय बृजेश यादव की डूबने से मौत हो गई। बृजेश यादव बरहज में बीए फर्स्ट इयर का छात्र था। इसी साल उसकी शादी तय हो गई थी। रोज उसके दादा और परिवार के अन्य सदस्य चारा लेने जाते थे लेकिन संयोग से रविवार को वह गया और दुर्घटना का शिकार हो गया। नाव दुर्घटना में मारे गए बलिराम यादव खेती-किसानी करते थे। वह चार भाइयों में सबसे छोटे थे। नाव पर नेतवार पट्टी गांव के रविन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, मुकेश जायसवाल, मुकेश की मां दुर्गावती देवी और छोटा भाई 20 वर्षीय सोनू जायसवाल, 30 वर्षीय बलिराम सिंह और 24 वर्षीय बृजेश यादव सवार थे।

बावन दर्रा में डूबने से बच्चे समेत तीन की मौत

रुडक़ी (आरएनएस)। पिरान कलियर में जियारत के लिए आए तीन जायरीनों की धनौरी के बावनदर्रे में डूबने से मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से जायरीनों के शव बाहर निकाले गए। पिछले वर्षों में इस जगह पर लगातार डूबने की दुर्घटनाएं होने के बावजूद भी मेला प्रशासन की ओर से इस स्थान पर सुरक्षा के कोई प्रबंध नहीं किए गए। पिरान कलियर में दरगाह साबिर साहब का सालाना उर्स चल रहा है। रविवार की दोपहर जायरीन यहां पर नहाने के लिए आए थे। इसी दौरान एक बच्चे समेत तीन जायरीन गहरे पानी में डूब गए। आसपास नहा रहे लोगों ने शोर मचाया तो मदद के लिए स्थानीय गोताखोरों ने पानी में छलांग लगाई। प्रत्यक्षदर्शियों की ओर से बताया गया कि पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई, लेकिन काफी समय बाद जल पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय गोताखोरों ने अलीगढ़ निवासी 19 वर्षीय महिला मायरा पत्नी मुनीश और अनस (9) पुत्र बबलू, निवासी अलीगढ़ जंगल गढ़ी को बाहर निकाला। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं देर शाम तक पानी में डूबे खुर्शीद पुत्र हबीब, निवासी तेलीपुरा अमरोहा का शव भी बरामद कर लिया गया। धनौरी चौकी प्रभारी नरेश गंगवार ने बताया कि बावन दर्रे में डूबने हादसा हुआ है।

पौड़ी में सडक़ दुर्घटना में भाई-बहन की मौत

पौड़ी (आरएनएस)। पौड़ी-कोटद्वार राजमार्ग पर एक कार में सवार होकर पौड़ी से एक परिवार के 3 लोग दिल्ली जा रहे थे। कार अचानक राजमार्ग पर परसुंडाखाल के समीप अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने रेस्क्यू अभियान चलाया। दुर्घटना में 2 लोगों की मौत हो गई। एक महिला घायल हो गई। बाजार चौकी प्रभारी हेमकांत सेमवाल ने बताया रविवार को एक कार में सवार होकर तीन लोग पौड़ी से दिल्ली जा रहे थे। करीब नौ बजे परसुंडाखाल के समीप कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। दुर्घटना में वीर सिंह पंवार(62) पुत्र कोतवाल सिंह ग्राम बुंरासी तहसील पौड़ी निवासी और वीरा देवी(60) पत्नी सोबन सिंह गुसाईं ग्राम डुंगी तहसील पौड़ी की मौत हो गई है।

आकाशीय बिजली से 2 किसानों के मृत्यु

हरदोई (आरएनएस)। जिले में बीते दो दिन से रुक रुक कर हो रही बारिश के दौरान खेतों पर फसल की रखवाली कर रहे दो किसानों की आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर मौत हो गयी जबकि एक किसान झुलस गया जिसे उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। अलग अलग गांव में आकाशीय बिजली गिरने की घटना के दौरान दोनों मृतक अपने अपने खेतों में फसल बचाने के लिए मौजूद थे ,इसी दौरान बारिश होने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आकर दोनों की मौके पर मौत हो गयी। घटना के बाद दोनों के शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है जबकि राजस्व अमला मृतकों के परिवार को सहायता राशि देने की कवायद में जुटा है ।

सिलेंडर हुआ ब्लास्ट : चार की हुई मौत , 16 हुए घायल

जोधपुर (आरएनएस)। राजस्थान के जोधपुर शहर में बड़ा हादसा हो गया। यहां गैस रिफिलिंग के दौरान एक सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। हादसे में तीन बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई। सभी एक ही परिवार के हैं। वहीं 16 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। धमाके की आवाज सुनकर आसपास की कॉलोनियों में भी लोग दहल गए। कलेक्टर हिमांशु गुप्ता के अनुसार मामला करीब तीन बजे का है। इसके बाद कीर्ति नगर इलाके में गैस का रिसाव हुआ। कुछ ही देर में विस्फोट हो गया। आसपास कॉलोनी में खड़ी गाडिय़ां भी आग की चपेट में आ गई।

हादसे में मरने वालों में निकू (12), विक्की (15), कोमल (13) और सुरेश (45) शामिल है। वहीं 16 लोग घायल हुए हैं। नक्ष (11), निरमा (37), शोभा (50), सरोज (30), हरिराम (42), नितेश (14), कंचन (30), राजवीर (5), खुशी (2), पारसराम (25), दिव्यांशु (16), अशोक (33), अनराज (42), सूरज (24) और भोमाराम (60) झुलस गए। एक घायल के नाम की जानकारी नहीं मिल पाई है। आठ लोग करीब 80 प्रतिशत तक झुलसे हैं। घायलों को महात्मा गांधी हॉस्पिटल भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

जांच में पता चला कि जिस घर में रिफिलिंग हो रही थी, वह कोजाराम लोहार का है। कोजाराम का बेटा गैस रिफिलिंग का काम करता है। इस समय पता नहीं चला है कि हादसा किस वजह से हुआ। अंदेशा है कि रिफिलिंग के दौरान ही ब्लास्ट हुआ है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट कर दुख जताया है। उन्होंने लिखा कि स्थानीय प्रशासन से घटना की जानकारी ली गई है। घायलों के इलाज के दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जांच में मकान से करीब चार दर्जन घरेलू व कमर्शियल सिलेंडर भी निकाले गए हैं। बताया जा रहा है कि यह मकान लोगों के घर सिलेंडर ले जाने वाले हॉकर का है। इस हादसे में मकान का एक हिस्सा भी ढह गया। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर और एसपी भी मौके पर पहुंचे। विधायक मनीषा पवार ने कहा कि इस घटना को लेकर सीएमओ दफ्तर से मॉनीटरिंग की जा रही है। शहर में अवैध गैस रिफिलिंग का काम चल रहा है। इसकी जांच की जाएगी।

महाराष्ट्र : पानी में करंट आने से चार बच्चों की मौत

नासिक (आरएनएस)। महाराष्ट्र में अहमदनगर जिले के संगमनेर तालुका में खंडरमल के समीप एक तालाब में आज बिजली का करंट प्रवाहित होने से 5 से 7 वर्ष की आयु के एक ही परिवार के चार बच्चों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार संगमनेर तालुका (येथेवाड़ी) के खंडरमल इलाके में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। तेज हवाओं के कारण वंदरकाडा क्षेत्र से गुजरने वाली विद्युत केबल टूट गई। इस चैनल में विद्युत धारा प्रवाहित हो रही थी। घर से कुछ दूरी पर तालाब के पास नहाने गए एक ही परिवार के चार बच्चे बिजली के तार की चपेट में आ गए। दुर्भाग्य से बिजली के तार के संपर्क में आने से उनकी मौत हो गई। उक्त सभी बच्चे आदिवासी परिवारों से ताल्लुक रखते हैं और यह बात सामने आई है कि घर की हालत काफी खराब है। मृतक बच्चों के नाम दर्शन अजीत बर्दे (6), विराज अजीत बर्दे (5), अनिकेत अरुण बर्दे (6) और ओंकार अरुण बर्दे (7) हैं। चारों बच्चे येठेवाड़ी के जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय में पढ़ रहे थे। चारों शनिवार दोपहर स्कूल के बाद घर आये थे। दोपहर में वे खंडरमालवाड़ी गांव अंतर्गत वांडरकड़ा में एक छोटे से तालाब में नहाने गए थे। इसी दौरान नहाते समय तालाब से होकर गुजर रहे बिजली के टूटे तार में करन्ट आने से इन चारों बच्चों की मौत हो गयी।

यूपी : जुलूस में शामिल पांच लोगों की करेंट लगने से हुई मौत

बहराइच ,09 अक्टूबर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बहराइच में आज यानी रविवार सुबह निकले बारावफात के जुलूस में शामिल पांच लोगों की करंट लगने से मौत हो गई. इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. ये घटना बहराइच जिले के नानपारा क्षेत्र के भगड़वा मासूपुर गांव की है. जानकारी के मुताबिक, जुलूस के ठेले में लगी लोहे की रॉड बिजली के हाई टेंशन तार से टकरा गई। हाई टेंशन तार से लोहे की रॉड के टकराते ही ठेले में करंट उतर आया. इसकी चपेट में सात लोग आ गए. इनमें से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि एक ने उपचार के लिए अस्पताल ले जाते रास्ते में दम तोड़ दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है. इस घटना पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुख जताया है. सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी समेत पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

चांदी के कड़े लूटने के लिए बदमाशों ने 108 साल की महिला के काट डाले दोनों पैर

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी जयपुर में एक रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक घर में चोरी करने आए बदमाशों ने घर में घुसकर 108 साल की महिला के पैर काट दिए और चांदी के कड़े लूटकर फरार हो गए। करीब एक घंटे बाद घरवालों को पता लगने पर महिला को अस्पताल में दाखिल करवाया गया। दरअसल, मीणा कॉलोनी 108 वर्षीय गलतागेट निवासी जमुना देवी अपनी बेटी गोविंदी और पोती ममता के साथ रहती हैं। रविवार सुबह पांच बजे बदमाश उनके घर में घुस गए। इस दौरान आरोपी उन्हें घसीटते हुए बाथरूम में ले गए और दोनों पैर काटकर चांदी के कड़े निकाल लिए। बदमाशों ने महिला का मुंह दबा दिया था, इस वजह से वह चिल्ला भी नहीं सकी। इस दौरान महिला बाथरूम में दर्द से तड़पती रही। सिर्फ ये ही नहीं बदमाशों ने बुजुर्ग महिला ने गले में सोने की एक चैन उतारने के लिए उनके गले में भी वार किए। जब पीड़िता जमुना देवी की बेटी और पोती सुबह करीब छह बजे सोकर उठीं। उन्होंने देखा कि जमुना देवी अपने बेड पर नहीं है। घर में सारा सामान बिखरा हुआ था। ऐसे में दोनों ने जमुना देवी को तलाशना शुरू किया। वे बाहर के बाथरूम में गईं तो वहां जमुना देवी जमीन पर बेहोश मिलीं। महिला के दोनों पैर अलग कटे हुए पड़े थे। महिला को जयपुर के एसएमएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

12 वर्षीय पीड़िता ने बच्चे को दिया जन्म, चार के खिलाफ मामला दर्ज

मेरठ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के मेडिकल कॉलेज में 12 वर्षीय पीड़ित युवती ने बच्चे को जन्म दिया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने पुष्टि की है कि मां और बच्चा स्वस्थ हैं।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर.के. गुप्ता ने कहा कि गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र में रहने वाली सातवीं कक्षा की छात्रा को एक अक्टूबर को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था और उसने सी-सेक्शन के जरिए बच्चे को जन्म दिया।

उसके परिवार के सदस्यों ने संवाददाताओं को बताया कि उनके अपार्टमेंट में रहने वाले एक 19 वर्षीय लडक़े ने उसे कई बार धमकी दी और उसके साथ बलात्कार किया। 21 साल के उसके भाई ने भी उसके साथ बलात्कार करने की धमकी दी थी कि अगर उसने उसकी मांग नहीं मानी तो वे उसके माता-पिता को मार डालेंगे। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि दोनों भाइयों के साथ रहने वाली एक 16 वर्षीय लडक़ी ने पीड़िता को पैसे के लिए दूसरे व्यक्ति को सौंप दिया, जिसने उसका यौन शोषण भी किया। पीड़िता के परिजनों को जब मामले का पता चला तो उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता के माता-पिता ने आरोपी के लिए फांसी की सजा की मांग की है। परिवार के अनुसार, पीड़िता में गर्भावस्था के कोई लक्षण नहीं दिखे और वह प्रसव के समय तक सामान्य रही। उसे अस्पताल लाने के दौरान, उसे बताया गया कि उसे गुर्दे में पथरी है और उसे एक शल्य प्रक्रिया से गुजरना है।

खोड़ा थाने के प्रभारी निरीक्षक अल्ताफ अंसारी ने कहा कि परिवार ने पांच सितंबर को दो भाइयों, उनके साथ रहने वाली लडक़ी और एक 35 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया गया है।

जम्मू से लापता हुई बच्ची 36 घंटे बाद जालंधर से मिली, अपहरणकर्ता पुलिस की गिरफ्त से बाहर

जम्मू (आरएनएस)। जम्मू के त्रिकुटा नगर से किडनैप हुई बच्ची 36 घंटे बाद जालंधर रेलवे स्टेशन से बरामद कर ली गई है। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से बच्ची को खोज निकाला। हालांकि आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। दरअसल, जम्मू के त्रिकुटा नगर क्षेत्र में आपसी लड़ाई में एक व्यक्ति ने गुरुवार तीन बजे महिला को सबक सिखाने के लिए उसकी बच्ची का अपहरण कर लिया था। शुक्रवार को अपहरणकर्ता उसे कटड़ा ले गया और यहां नशे में धुत अपहरणकर्ता ने शुक्रवार रात नौ बजे रेलवे स्टेशन पर बच्ची को छोड़ दिया। इस दौरान जालंधर जा रहे एक दंपति ने बच्ची को देखा और उसे साथ ले गए। इस बीच उन्होंने रेलवे पुलिस को सूचना भी दी। रेलवे पुलिस ने बच्ची को ले जाने और अपना नंबर देने के लिए कहा। इसके बाद त्रिकुटा नगर पुलिस को सूचना मिली। पुलिस ने जालंधर में शुक्रवार रात तीन बजे आधा घंटा ट्रेन को रुकवाया और बच्ची को बरामद कर परिवार को सौंप दिया।

असम राइफल्स ने 9 करोड़ से ज्यादा के नशीले पदार्थों के साथ 3 को पकड़ा

नई दिल्ली (आरएनएस)। असम राइफल्स ने मणिपुर में बड़ी कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में नशीले पदार्थ बरामद किए हैं। जानकारी के मुताबिक करोड़ों की ब्राउन शुगर और प्रतिबंधित डब्ल्यूवाई टेबलेट के साथ 3 लोगों को पकडऩे में सफलता मिली है। असम राइफल्स की तरफ से ये जानकारी दी गई। असम राइफल्स की टुकडिय़ों ने मणिपुर के टेंग्नौपाल में एक विशेष अभियान के तहत 3 ड्रग तस्करों को पकड़ा है। इनके पास से और 4.127 किलोग्राम ब्राउन शुगर और 2.133 किलोग्राम प्रतिबंधित डब्ल्यूवाई टेबलेट बरामद की गई हैं। इनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 9.24 करोड़ रुपये आंकी गई है।

असम राइफल्स ने बताया कि शनिवार को दो दोपहिया वाहनों पर आए 3 तस्करों को एक विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए असम राइफल्स की टेंग्नौपाल बटालियन के सैनिकों ने दबोच लिया। जानकारी के मुताबिक जब सैनिकों ने दोपहिया वाहनों पर आए तीन व्यक्तियों को रोका और छानबीन की तो उनके पास से 100 साबुन के डिब्बों में 4.127 किलोग्राम ब्राउन शुगर और दो पैकिट में 2.133 किलोग्राम प्रतिबंधित डब्ल्यूवाई टेबलेट मिली।

असम राइफल्स ने द्वारा इस पूरे ऑपरेशन को खुदेंगथाबी में एक अनानास के खेत के पास अंजाम दिया गया। फिलहाल पकड़े गए तीनों तस्करों को आगे की जांच के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है।

जोन की पुलिस ने आईटी/साइबर अपराधियों पर कसी नकेल, 2.19 करोड़ बरामद

गोरखपुर (आरएनएस)। गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार के निर्देश पर जोन के जनपदों की पुलिस ने आईटी /साइबर अपराधियो के खिलाफ कुल 176 अभियोग दर्ज कर नगदी 2 करोड़ 19 लाख 78 हजार 111 रुपए व 6 लैप टाप, 2 सीपीयू, 1प्रिंटर व 3 एंड्राइड मोबाईल बरामद किया है। बताते चलें कि एडीजी जोन अखिल कुमार ने साइबर से संबंधित लगातार बढ़ रही घटनाओं की रोकथाम के लिए एक सख्त निर्देश के साथ ही आईटी/साइबर अपराधियों की गिरफ्तार कर कार्यवाही किए जाने के निर्देश जोन पुलिस को दिए थे जिसके क्रम में गोरखपुर जोन के 11जिलों की पुलिस ने एक अभियान के तहत कार्यवाही शुरू की। इस अभियान में गोरखपुर रेंज की पुलिस द्वारा आईटी/साइबर अपराध से जुड़े 123 मुकदमे दर्ज किए जिसमें 1करोड़ 35 लाख 4 हजार 625 रुपए की बरामदगी की। इसी प्रकार बस्ती रेंज की पुलिस ने इस मामले में कुल 31अभियोगों को दर्ज कर 25 लाख 62 हजार 2 रुपए बरामद किया। इसी तरह अगर देवीपाटन रेंज की बात करें तो इस रेंज की पुलिस ने इस अभियान के तहत दर्ज किए गए 32 मुकदमों में 59 लाख 11 हजार 484 रुपए बरामद की। इस तरह गोरखपुर जोन की पुलिस ने कुल 2 करोड़ 19 लाख 78 हजार 111 रुपए की बरामद किया है। इसके साथ ही आधा दर्जन लैप टाप, दो सीपीयू, एक प्रिंटर व तीन एंड्राइड मोबाइल भी बरामद किया गया है। एडीजी अखिल कुमार ने कहा कि गोरखपुर जोन की पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अच्छी रकम की बरामदगी की है।

पिज्जा में कांच के टुकड़े मिलने की जांच करेगा डोमिनोज

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के एक व्यक्ति द्वारा डोमिनोज पिज्जा में कथित रूप से पाए गए कांच के टुकड़ों की तस्वीरें मुंबई पुलिस के ट्विटर हैंडल पर पोस्ट करने के एक दिन बाद, कंपनी ने रविवार को यहां इस घटना की जांच के आदेश दिए। ग्राहक अरुण कोल्लूरी ने पिज्जा आउटलेट द्वारा बेचे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाया था।

उन्होंने कहा कि उन्हें ऑनलाइन ऑर्डर किए गए पिज्जा में कांच के टुकड़े मिले, हालांकि डोमिनोज के आउटलेट और डिलीवरी की तारीख का उल्लेख नहीं किया गया है।

मुंबई पुलिस ने उसे सलाह दी कि वह किसी भी कानूनी कार्रवाई से पहले डोमिनोज के कंज्यूमर केयर को लिखें।

डोमिनोज के प्रवक्ता ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कहा कि इसकी गुणवत्ता टीम ने पिज्जा आउटलेट की जांच की, लेकिन कोई खामियां नहीं मिलीं।

संचार के विभिन्न चैनलों के माध्यम से मामले के तथ्यों का पता लगाने के लिए कंपनी ने पीड़ित ग्राहक से भी संपर्क किया।

हम रसोई में एक सख्त नो-ग्लास नीति का पालन करते हैं और गुणवत्ता और सुरक्षा के उच्चतम मानकों का पालन करते हैं। हम उपयोगकर्ता से नमूने प्राप्त करने के बाद मामले की और जांच करेंगे और उसके अनुसार कार्रवाई करेंगे, डोमिनोज ने कहा। कथित घटना ने पिज्जा प्रेमियों के बीच बड़ी चिंता पैदा कर दी है।

देश में बदला मौसम का मिजाज, मैदानी इलाकों में बारिश- पहाड़ों पर बर्फबारी शुरू

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश में मौसम का मिजाज बदलना शुरू हो गया है। मैदानी इलाकों में बारिश तो पहाड़ों पर बर्फबारी होनी शुरू हो गई है। 11 राज्यों में 2 दिन से लगातार हो रही बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज कर दी गई है। वहीं केदारनाथ की बात करें तो बीती देर रात से बर्फबारी और बारिश लगातार जारी है।

केदारनाथ की चोटियों पर बर्फ की चादर फैलना शुरू हो गई है। केदारनाथ के साथ-साथ भैरवनाथ मंदिर तक बर्फ गिर चुकी है। केदारनाथ में श्रद्धालुओं को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। सिखों के पवित्र तीर्थ श्री हेमकुंड साहिब में भी जमकर बर्फबारी हुई है।

उत्तराखंड पहाड़ों में लगातार हो रही है बारिश के चलते ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का दौर शुरू हो गया और बद्रीनाथ धाम की ऊंची चोटियों में बर्फबारी के चलते धाम में कड़ाके की ठंड पडऩे लगी है।

उत्तर से लेकर दक्षिण तक भारत के कई राज्य बारिश से बेहाल हैं। दिल्ली-एनसीआर से लेकर मुंबई तक विभिन्न शहरों में बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं, पहाड़ी राज्यों में भी मूसलाधार बारिश हो रही है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत एनसीआर में कल (शनिवार) से ही रुक-रुककर बारिश हो रही है। दिल्ली-एनसीआर में कहीं तेज तो कहीं धीमी बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के चलते कई इलाकों में जलजमाव है।

वहीं दूसरी तरफ मौसम विभाग के मुताबिक करीब 17 राज्यों में अगले दो से तीन दिनों तक बादल जमकर बरसने वाले हैं। आज उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों एवं तटीय आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर भी हल्की बारिश हो सकती है। जबकि बिहार, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलंगाना, कर्नाटक में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

केदारनाथ की पहाडिय़ों में हुई बर्फबारी

रुद्रप्रयाग (आरएनएस)। केदारनाथ की पहाडिय़ों में रविवार को बर्फबारी हुई जिससे यहां मौसम और भी ठंडकभरा हो गया है। हालांकि बारिश और बर्फबारी के बीच भी यात्रियों की केदारनाथ धाम में लगातार आवाजाही होती रही। वहीं निचले इलाकों में रिमझिम बारिश होती रही।रविवार को केदारनाथ सहित आसपास की ऊंची पहाडिय़ों में बर्फबारी हुई। धाम में बीते तीन दिनों से हल्की बारिश जारी है जबकि बीती सांय से केदारनाथ की पहाडिय़ों में बर्फ गिरती रही। बर्फबारी और बारिश से केदारनाथ में ठंड बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर मद्महेश्वर और तुंगनाथ की ऊंची पहाडिय़ों में भी हिमपात हुआ है। जबकि निचले इलाकों में बारिश जारी है। खराब मौसम के बाद भी तीर्थयात्रियों के उत्साह में कोई कमी नहीं है। केदारनाथ में लगातार बड़ी संख्या में तीर्थयात्री बाबा केदार के दर्शनों को जा रहे हैं।